महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 10 से

राडावास@ पत्रिका. कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के तहत 10 जून से विद्यार्थी महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। प्राचार्य डॉ. निरंजन कुमार बावलिया ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की ओर से राजकीय महाविंद्यालयो में स्नातक पार्ट प्रथम (सेमेस्टर प्रथम) में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम जारी किया है। जिसके अनुसार प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रारंभ होने की तिथि 10 जून व आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 19 जून है। अंतिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची प्रकाशन की तिथि 24 जून व महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन व ई-मित्र पर शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 27 जून है। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 28 जून व प्रवेशित विद्यार्थियों के वर्ग निर्धारण एवं विषय आवंटन की तिथि 29 जून है। महाविद्यालय में इन विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य 1 जुलाई से प्रारंभ हो जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय में 10 जून से कर सकेंगे विद्यार्थी प्रवेश के लिए आवेदन

अमरसर| राडावास गांव में राजकीय महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के तहत 10 जून से विद्यार्थी महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। प्राचार्य डॉ निरंजन कुमार बावलिया ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक पार्ट प्रथम (सेमेस्टर प्रथम) में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया बाबत कार्यक्रम जारी किया है। जिसके अनुसार प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रारंभ होने की तिथि 10 जून व आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 19 जून है। अंतिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची प्रकाशन की तिथि 24 जून व महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन व ईमित्र पर शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 27 जून है। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 28 जून व प्रवेशित विद्यार्थियों के वर्ग निर्धारण एवं विषय आवंटन की तिथि 29 जून है। महाविद्यालय में इन विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य 1 जुलाई से प्रारंभ हो जाएगा। प्राचार्य ने शुक्रवार को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के बारे में

Reply